# चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री ने गन्ना विकास समिति कार्यालय बलरामपुर का भूमि पूजन और शिलापट किया

## गन्ना विकास में जनपद रहेगा अग्रणी : मंत्री, कार्यक्रम में संचालन अखिलेश पांडे द्वारा किया गया




टी.बी. लाल

**बलरामपुर** : चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी सरकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड बलरामपुर के कार्यालय भवन में शिलापट का अनावरण एवं विधि विधान से भूमि पूजन किया। मंत्री ने की दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में संचालन अखिलेश पांडे द्वारा किया गया। मा. मंत्री ने अपने संबोधन में सभी गन्ना विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों की अच्छे कार्यों की सराहना की। उन्होंने किसानों के हितार्थ सभी सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसानों का गन्ना फसलों की तौल व भुगतान समय से किया जा रहा है। जनपद आकांक्षी जिले के बावजूद इस सरकार में बलरामपुर अग्रणी जिलों में शामिल है। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जिले में कैम्प लगाकर अच्छे प्रजाति के गन्ना बीज व गन्ना से सम्बन्धित सभी जानकारी किसान भाइयों को दिया जाए,जिससे अच्छी उपज के साथ-साथ उनकी आय भी दोगुनी हो।

मंत्री ने गोण्डा परिक्षेत्र के उप गन्ना आयुक्त/जिला गन्ना अधिकारियों एवं देवीपाटन मण्डल की चीनी मिलों के अधिकारियों एवं महाप्रबन्धकों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक भी की। इस अवसर पर उप गन्ना आयुक्त डॉ.आर.वी.राम,जिला गन्ना अधिकारी बलरामपुर आर.एस. कुशवाहा,गन्ना विकास निरीक्षक सुनील कुमार सिंह, गन्ना विकास समिति विशेष सचिव अविनाश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि डी.पी.सिंह बैस, समिति के सदस्यगण, जिला गन्ना अधिकारी गोंडा, बहराइच सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण व किसान भाई उपस्थित रहे।

# एक वर्ष में टूट गई लाखों की लागत से बनी सीसी सड़क, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



पंकज मिश्र

**महाराजगंज तराई (बलरामपुर)** : विकासखंड तुलसीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत शिवचरन डीह के मजरे फाजिलडीह में पंचायती राज विभाग से कराए गए सी सी रोड निर्माण कार्यों की एक वर्ष में ही पोल खुल गई है। कार्य की गुणवत्ता को लेकर लापरवाही से लगभग तीन लाख की लागत से बनी सीसी सड़क महज एक वर्ष में टूट गई है।

गांव के नवल कृष्ण मालवीय ने खंड विकास अधिकारी तुलसीपुर को शिकायती पत्र देकर बताया है कि ग्राम पंचायत में सीसी रोड निर्माण में मानक की अनदेखी करते हुए घटिया सामग्री से सीसी रोड का निर्माण ग्राम पंचायत निधि से कराया गया था। सीसी रोड गुणवत्ता पूर्ण न होने के कारण एक वर्ष भी नहीं चल सका। निर्माण कार्य की गुणवत्ता खराब होने से सड़क जगह-जगह टूटकर बिखर गई है। गांव में विकास कार्यों में भारी अनियमितता हो रही है। यहां निर्माण कार्यों में जमकर मानक की धज्जिया उड़ाई गईं। ग्रामीणों ने जांच कर कार्यवाई की मांग खंड विकास अधिकारी से की है। खंड विकास अधिकारी तुलसीपुर राजीव मोहन त्रिपाठी ने बताया शिकायत मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु 25 ई-रिशा, 8 हजार डेस्टबिन एंव रोड स्लीपिंग मशीन नगर को समर्पित

▶▶ जिलाधिकारी अरविंद सिंह एवं अध्यक्ष डॉक्टर धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ



टी.बी. लाल

**बलरामपुर।** स्वच्छ बलरामपुर, स्वस्थ् बलरामपुर बनाने की दिशा में आदर्श नगर पालिका परिषद में प्रत्येक वार्ड हेतु 25 ई-रिक्शा,8 हजार परिवार हेतु कूड़ा रखने हेतु 30 लीटर का डेस्टबिन दिया गया है। अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने बताया कि डोर टू डोर कूड़ा उठाने के अतिरिक्त 25 ई-रिक्शा तथा 8 हजार डेस्टबिन की व्यवस्था की गयी है ताकि कूड़ा डेस्टबिन में रख,डोर टू डोर कर्मचारी अथवा ई-रिक्शा कर्मचारी को ही दे,कूड़ा सड़क या नाली पर न फेंकें सफाई व्यवस्था में यथासंभव सहयोग करने की अपील की।

डीएम अरविंद सिंह ने सभी सफाई गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । इस दौरान उन्होंने सफाई कर्मियों को डस्टबीन भी वितरित किया।उन्होंने कहा की नई सफाई वाहनों से नगर पालिका में साफ सफाई की व्यवस्था और सुदृढ़ होगी। सभी स्वच्छता के प्रति जागरूक हो,घरों से निकलने वाला गीला एवं सुखा कचरा नगर पालिका के सफाई वाहनों में ही रखें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप कुमार,अधिशाषी अधिकारी राजमणि वर्मा,जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस,नगर अध्यक्ष कृष्ण गोपाल गुप्ता, गौरव मिश्र एंव सभासदगण उपस्थित रहे।

# अनुमंडल कार्यालय के समक्ष नागरिकों का प्रतिवाद धरना



तेजयुग न्यूज

**चांडिल** : चांडिल अनुमंडल कार्यालय के समक्ष मंगलवार को नागरिकों का एक प्रतिवाद धरना आयोजित हुआ। इसका आयोजन अनुमंडल स्तरीय सामाजिक राजनीतिक कार्यकताओं द्वारा सामूहिक रूप से किया गया था। इस सभा को नरेन गोप, गुरूआ पहाड़िया, अमर बिरहोर, अनन्त महतो, भद्रु सिंह मुंडा, सुचांद उराँव, अम्बिका यादव आदि ने सम्बोधित किया। संचालन डोमन बास्के ने किया। सभा के अन्त में एक प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम को स्मारपत्र भी दिया। इस प्रतिनिधिमंडल में श्यामल मार्डी, अम्बिका यादव, डोमन बास्के, बासुदेव आदित्यदेव, भद्रु सिंह मुंडा, सुकलाल मुर्मु शामिल थे। स्मारपत्र में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की शत्रुतापूर्ण गिरफ्तारी, भूअर्जन कानून 2013 को कमजोर और खत्म करने की कोशिश, वादे के बाद भी एम एस पी कानून न बनाना, ताजे किसान आंदोलन पर मोदी सरकार के द्वारा दमन,वन संरक्षण कानून में संशोधन कर पूरे वन को पूँजीपतियों के लिऐ खोलने और वनाधिकार कानून तथा वन पर ग्राम सभा के अधिकार को छीनने जैसे प्रयासों का विरोध किया गया था।

# लोकसभा आमचुनाव 2024 को लेकर सरकारी कर्मियों को दिया जा रहा है मतदान प्रशिक्षण



तेजयुग न्यूज

**कसमार** : लोकसभा आमचुनाव 2024 को लेकर सरकारी कर्मियों को मतदान प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कसमार प्रखंड मुख्यालय स्थित में सभागार में एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय कसमार के सहायक शिक्षक रिजवान अहमद, उमवि डुंडाडीह के सहायक शिक्षक सुनील कुमार यादव, उउवि मंजूरा के रूपेश गुप्ता व उमवि हंसलता के उमेश कुमार महतो के द्वारा मतदान का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

पांच दिवसीय प्रशिक्षण में 9 मार्च को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कर्मी, पंचायत सेवक, जन सेवक, हल्का कर्मचारी व अनुसेवक आदि तथा सभी बैंकों के बैंक कर्मी, पोस्ट आफिस के कर्मी, स्वास्थ्य विभाग के बीआरपी सीआरपी आदि को इवीएम द्वारा मतदान संपन्न कराने प्रशिक्षण दिया गया। वहीं 10 से 12 मार्च तक विभिन्न पंचायतों के अंतर्गत आने वाले सरकारी स्कूलों के सहायक शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

वहीं 13 मार्च को प्रखंड के सभी महिला कर्मी, महिला शिक्षिका तथा बाल विकास परियोजना के महिला कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान बीडीओ अनिल कुमार एवं सीओ सुरेश कुमार सिन्हा पर्यवेक्षण करते रहे। वहीं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी सुरेश कुमार सिन्हा ने सभी बीएलओ सह आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ बैठक कर संबंधित मतदान केंद्रों में उपलब्ध पेयजल, बिजली, रैंप, शेड आदि सुविधाओं की जानकारी ली।

## बस ऑनर एसो. के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री व परिवहन मंत्री से किया मुलाकात



**देवघर** : जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व देवघर जिला बस ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेशानंद झा ने सूबे के मुखिया चंपाई सोरेन व राज्य के परिवहन व समाज कल्याण मंत्री दीपक बिरुवा से रांची में अलग अलग मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने दोनों को बाबा वैद्यनाथ का स्मृति चिन्ह व रेशम का अंगवस्त्र भेंट स्वरुप प्रदान किया। उन्होंने मुख्यमंत्री व परिवहन मंत्री से जिला में बस संबंधित मुद्दों पर चर्चा किया साथ देवघर बस स्टैंड को आधुनिक रूप देने के साथ साथ मूलभूत सुविधाओं से लैस करने को लेकर भी चर्चा की गई। वहीं दोनों आला नेताओं ने श्री झा को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए गंभीरता व सक्रियता से गठबंधन के उम्मीदवार के जीत के लिए काम करने का निर्देश दिया है। नेताओं ने कहा कि इस बार किसी भी हाल में गोड्डा लोकसभा के साथ साथ राज्य की सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करने के लिए गठबंधन दल के तमाम कार्यकताओं को भरपूर मेहनत करना है।

## एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**दुमका** :वन अधिकार अधिनियम के तहत'अबुआ वीर अबुआ दिशोम अभियान' के सफल क्रियान्वयन के लिए चयनित वीर बन्धुओं को मोबाइल एप्लीकेशन के संचालन के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त महोदय ,गोड्डा श्री जिशान कमर ,डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर श्री मौन प्रकाश ,अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा श्री बैद्यनाथ उरांव सहित अन्य गणमान्य के द्वारा दीप प्रजलित कर की गई।कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक महोदय ने कहा कि अबुआ वीर दिशोम अभियान का मुख्य उद्देश्य वर्ष वन में निवास करने वाले आदिवासी समुदायों और अन्य पारंपरिक वनवासियों के वन संसाधनों के अधिकारों को मान्यता प्रदान करता है। उन्हें वन पट्टा देना मुख्य उद्देश्य हैं। वनों पर निर्भर आदिवासियों एवं अन्य लोगों को वन अधिकार अधिनियम, 2006 के तहत वनाधिकार पट्टा देने के लिए अबुआ बीर दिशोम अभियान का शुभारंभ किया गया है।इस अभियान को सफल बनाने के लिए ग्राम, अनुमंडल एवं जिला स्तर पर वनाधिकार समिति का गठन/पुनर्गठन किया गया है साथ ही अबुआ बीर दिशोम अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए मोबाइल एप्लीकेशन एवं वेबसाइट भी तैयार की गई है, जिससे आदिवासी और वनों पर निर्भर रहने वाले लोगों को व्यक्तिगत, सामुदायिक और सामुदायिक वन संसाधन वनाधिकार पट्टा मुहैया कराया जा सके. पंचायत स्तर पर चयनित आप सभी बीर बन्धुओं को मोबाइल एप्लीकेशन के संचालन के लिए आज इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में दी जा रही जानकारी को आप सभी बेहद संजीदगी के साथ समझें,उन्होंने कहा कि कार्यशाला में दी गयी जानकारी के द्वारा ही मोबाइल एप्लीकेशन का संचालन कर सकते हैं।मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी श्री श्रवण राम ,संबंधित अंचलों के अंचलाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## सेकंड फेज की गाड़ियों को डीआईजी ने किया रवाना

**भागलपुर** :भागलपुर में महाशिवरात्रि पर सभी मंदिर और चौक चौराहे पर पुलिस बल्कि तैनाती देखी गई ।मंदिरों में लाखों की श्रद्धालुओं की भीड़ के बाद भी कहीं कोई शिकायत नहीं मिली पुलिस ने बेहतर तरीके से कार्य किया है ।बिहार सरकार के निर्देश के बाद 112 नंबर पुलिस गाड़ी से बिहार के कई जिलों में आम लोगों को बड़ी राहत मिली है बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की इस मामले में प्रशंसा भी देखी जा रही है। भागलपुर घटना के बाद पुलिस के विलंब से पहुंचने की शिकवा शिकायत अब लोगों की नहीं रहेगी इसके लिए 112 नंबर डायल करना होगा और महज 20 मिनट बाद पुलिस संबंधित स्थल पर मौजूद रहेगी । इसको लेकर भागलपुर में पहले फेज में 18 गाड़ियां मुहैया कराई गई थी। वहीं पुलिस उपमहानिरीक्षक के द्वारा आज दूसरे पेज में भागलपुर में 28 गाड़ियां बांका में 22 गाड़ियां और नवगछिया में 12 गाड़ियों का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया।

### सांसद को बेरोजगारों की चिंता नहीं अपने परिवार की रोजगार की चिंता

# एक बार मौका दीजिए झारखंड का परिदृश्य बदल देंगे : जयराम महतो

▶▶ स्थानीय नौजवानों को अपने हक के लिए जन लड़ने की बात कही

▶▶ राज्य में अशिक्षा, बेरोजगारी और पलायन बदस्तूर जारी है



तेजयुग न्यूज

**कसमार** : झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने जन आशीर्वाद यात्रा के तहत कसमार प्रखंड के हिसीम, मुरहुलसुदी, सिंहपुर, खैराचातर, बगदा, टांगटोना, में नुक्कड़ सभा कों संबोधित किया। जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान सिंहपुर स्थित शिवालय (बुढाबाबा मडप थान) में मत्था टेक क्षेत्र के खुशहाली अमन चैन की मनोकामना की। खुदीबेडा. हिसीम चौक में स्व. बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

जन आशीर्वाद यात्रा कों संबोधित करते हुए जयराम महतो ने कहा कि एक बार मौका दीजिए झारखंड का परिदृश्य बदल देंगे। उन्होंने स्थानीय नौजवानों को अपने हक के लिए जन लड़ने की बात कही। सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सांसद ने स्थानीय लोगों के लिए कुछ नहीं किया उन्हें यहां के बेरोजगारों की चिंता नहीं है उन्हें सिर्फ अपने परिवार को रोजगार कैसे मिले उसकी चिंता है। यहां राजनेता अपनी नाकामी को छुपाने के लिए धर्म की बात करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एक नजर अपनी खेत खलिहानों में तो दूसरी नजर लाल किला पर रखे। उन्होंने कहा कि झारखंडी अपनी मानसिकता को बदलने की जरूरत है। बाहर से आकर कुछ लोग यहां की जमीन पर अधिकार जमाकर बैठे हैं। जमीन हमारी, खनिज हमारा फिर भी कुछ दबंग किस्म के लोग यहां के ग्रामीणों को डराने का काम करते हैं। परंतु ऐसे लोगों से डरने की जरूरत नहीं है।

कहा कि झारखंड निर्माण के बाद राज्य में जितनी भी सरकारें बनी, उन सभी सरकार में बैठे नेताओं ने झारखंड की खनिज संपदा को केवल लूटने और बेचने का काम किया। लेकिन जमीनी स्तर पर अगर देखा जाय तो राज्य गठन के 24 साल बाद भी यहां के मूल वासियों का न तो आर्थिक विकास हुआ और न सामाजिक उत्थान ही हुआ। आज भी राज्य में अशिक्षा, बेरोजगारी और पलायन बदस्तूर जारी है। कहा कि स्थानीय नीति नहीं बनने के कारण झारखंड राज्य की नौकरी पर बाहरियों का कब्जा है।

मौके पर गिरिडीह लोकसभा प्रभारी कमलेश महतो, गोमिया विधानसभा प्रभारी संतोष टिडूआर, पर्यवेक्षक सह प्रभारी अमरलाल महतो, प्रखंड अध्यक्ष प्रशांत कुमार, प्रखंड प्रभारी बबलू अंसारी, यादव कुमार महतो, ताराचंद महतो, राकेश महतो, उत्तम महतो, कुणाल महतो, प्रीतम महतो, राजू महतो, मनोहर महतो, पिंटू महतो, रवि महतो, समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# पीएम ने पाकुड़ में मल्टी कार्गो टर्मिनल का किया ऑनलाइन उद्घाटन

तेजयुग न्यूज

**पाकुड़:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पीएम गति शक्ति योजना के अंतर्गत पाकुड़ में मल्टी कार्गो टर्मिनल का ऑनलाइन उद्घाटन किया। पचवारा सेंट्रल कॉल ब्लॉक के साथ हुई एमडीओ दिलीप बिल्डकॉन के अधिकारी और हावड़ा रेल मंडल के अधिकारियों के मौजूदगी में पाकुड़ में लोटामारा गांव में स्थित रेलवे सेटिंग में पीएम ने ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर कैंपस से स्विच ऑन कर उद्घाटन किया।

इस मौके पर डी बी एल के वाइस प्रेसिडेंट बृजेश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गति शक्ति मल्टी मॉडल स्कीम का रिव्यू में पाया था कि कई रेलवे प्रोजेक्ट छोटे-छोटे इश्यू के कारण लेट हो रहे हैं। पीएम ने इस प्रोजेक्ट के माध्यम से फास्ट ट्रैक पर लाने में डीबीएल के रेलवे सेटिंग का चयन किया है। अब हम नेक्स्ट फाइनेंशियल ईयर से हम 7 मिलियन टन कोयले का ट्रांसपोर्टेशन करने में कामयाब होंगे। मौके पर हावड़ा रेल मंडल के रामपुरहाट एरिया मैनेजर की मकाल राज ने कहा कि रेलवे रैक से कोयला पंजाब को भेजने में रेलवे को हर महीने एक करोड़ 20 लाख का रिवेन्यू पाकुड़ से मिल रहा है। अब हर दिन दो से चार रैक कोयला भेजकर रेलवे को तीन से चार करोड़ का रेवेन्यू हर महीने प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि पाकुड़ टर्मिनल से आने वाले दिनों में लोगों को रोजगार मिलेगा और देश को करीब 5000 रेवेन्यू प्राप्त होगा। 10 से 15 मिलियन टन कोयला का ट्रांसपोर्टेशन यहां से होने से रेलवे को दोगुना रेवेन्यू की आमदनी होगी। अब आने वाले दिनों में यहां से प्रतिदिन 6 से 7 रैक कोयला पंजाब भेजी जाएगी।

## सरना धर्म कोड जनजागरण सभा किया गया

# सरना धर्म कोड की मान्यता को लेकर सेंगेल का शक्ति प्रदर्शन 15 को

▶▶ अध्यक्ष विजय टुडू ने कहा कि आदिवासी समाज आज मरने के कगार पर खड़ा है

▶▶ आदिवासी गांवों के लोगों को इस आंदोलन में सहयोग के लिए जागरूक करना है



तेजयुग न्यूज

**बोकारो** : आदिवासी सेंगेल अभियान के तहत जरीडीह प्रखंड के अंतर्गत चिलगढा पंचायत के उबरडीह गांव में सेंगेल के प्रखंड संयोजक रामसुंदर बेसरा की अध्यक्षता में सरना धर्म कोड जनजागरण सभा किया गया। जनजागरण सभा में मुख्य रुप से उपस्थित बोकारो जोनल सेंगेल युवा मोर्चा अध्यक्ष विजय टुडू ने कहा कि आज हम भारत देश के लगभग 15 करोड़ आदिवासी हैं।

लेकिन आदिवासी समाज आज मरने के कगार पर खड़ा है। सरना धर्म कोड, संताली राजभाषा, सीएनटी-एसपीटी, मरांग बुरू, कुर्मी का एसटी बनना, आदिवासी भाषा संस्कृति, विस्थापन-पलायन, झारखंडी डोमिसाइल, इज्जत, आबादी आदि खतरे के मुहाने पर खड़ा है। दूसरी ओर लगभग सभी आदिवासी गांव समाज नशापान, अंधविश्वास, डायन प्रथा, धर्मांतरण, वंशवाद स्वशासन व्यवस्था,वोट की खरीद बिक्री आदि से ग्रसित हैं। जिलाध्यक्ष सुखदेव मुर्मू ने कहा कि सेंगेल ने सरना धर्म कोड हेतु सरकारों को अल्टीमेटम दिया है कि 31 मार्च 2024 तक सरना धर्म कोड की घोषणा करें अन्यथा 7 अप्रैल 2024 को भारत बंद किया जाएगा। परंतु क्या केवल सेंगेल के रेल रोड-चक्का जाम से सरना धर्म कोड हासिल हो पाएगा शायद नहीं। इसलिए आदिवासी समाज से अपील है कि 31 मार्च 2024 तक सार्वजनिक सहयोग की घोषणा करें। वहीं जिला संयोजक गोपीनाथ मुर्मू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले हर हाल में सरना धर्म कोड हासिल करना है, इसके लिए सभी आदिवासी गांवों के लोगों को इस आंदोलन में सहयोग के लिए जागरूक करना है। इसी के तहत 15 मार्च से 31 मार्च तक सभी जिला मुख्यालयों में सांकेतिक शक्ति प्रदर्शन करना है। जिसमें बोकारो जिला में बिरसा मुंडा चौक नयामोड़ से जिला मुख्यालय उपायुक्त कार्यालय तक धार्मिक गुलामी से आजादी के लिए सरना धर्म कोड की मान्यता हेतु शक्ति प्रदर्शन 15 मार्च को आयोजित है।

सभा को सेंगेल युवा मोर्चा चास प्रखंड अध्यक्ष कालीचरण किस्कू ने भी संबोधित किया। सभा में छोटूराम टुडू, जगबंधु मुर्मू, जगदीश टुडू, दिनेश सोरेन, भूतनाथ टुडू, सुभाष मुर्मू, कर्मा मुर्मू, मिहीलाल मुर्मू, महेंद्र मुर्मू, संगीता टुडू, बाहामुनी मुर्मू, सुलोचना टुडू, सावित्री टुडू, उपासी टुडू, सोराबनी मुर्मू, यशोदा टुडू, फुलमती मरांडी, रोमनी मुर्मू, पानमती मुर्मू, सरस्वती मुर्मू, लखीमनी मुर्मू, संजोती मुर्मू, ललीता सोरेन सहित आदि ग्रामीण उपस्थित थे।